# कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम(म0प्र0) 457001

01 कालेज रोड रतलाम दूरभाष 07412-270555
Email- commratlam@mpurban.gov.in
फैक्स नं. 07412-270556
Website- www.rmcratlam.in

क्रमांक / 503 / सा0प्र0 / 2022

दिनांक 8-4-2022

## // बैठक कार्यवाही विवरण //

दिनांक 7-4-2022 को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में निम्नानुसार उपस्थिति रही :-

1- श्री विकास सोलंकी, उपायुक्त
2- श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्र0का0पा0 यंत्री,
3- श्री जी0के0 जायसवाल, प्र0स्वा0अधि0
4- श्री श्याम कुमार सोनी, प्र0स0यंत्री
5- श्री एम0के0 जैन, प्र0सहायक यंत्री
5- श्री एस0पी0 आचार्य,
7- श्री राजेश पाटीदार, उपयंत्री
8- श्री मनीष तिवारी, उपयंत्री,
9- श्री सुहास पण्डित, उपयंत्री
10- श्री भैयालाल चौधरी, उपयंत्री
15- सुश्री दिक्षा निजामपुरकर, उपयंत्री
11- श्री ए0पी0सिंह, जोन प्रभारी-3,
12- श्री किरण चौहान, जोन प्रभारी -1
13- श्री विनयसिंह चौहान, जोन प्रभारी -4
14- श्री पर्वत हाड़े,
15- श्री गोपाल झालिवाल, सहा0वर्ग-2
16- श्री कोमलसिंह चौहान स0रा0नि0
17- श्री अनिल खरे, सहा0वर्ग-3
18- श्री प्रदीप उपाध्याय, स0रा0नि
19- श्री महेश व्यास, स0रा0नि
20- श्री विष्णु कुमावत स0रा0नि
21- श्री हरेश जोशी, सहा0वर्ग-3
22- श्री चन्दरसिंह
23- श्री वासुदेव बैरागी
24- श्री सोरम काला,
25- श्री राकेश पाण्डे,
26- श्री कुलदीप भट्ट
27- श्री राजेन्द्रसिंह राठौड़
28- श्री मनोज टांक
29- श्री मोईनुद्दीन
30- श्री शशांक पाण्डेय एच0एम0एस0 सदस्य

बैठक में उपस्थित अधिकारियों / कर्मचारियों के समक्ष स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अन्तर्गत सौपे गये दायित्वों, किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा की गई तथा इस विषय में चर्चा उपरान्त निम्नानुसार निर्देश दिये गये :-

1- निकट भविष्य में जी0एफ0सी0 सर्वे होना है, आज तक स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु जितना कार्य किया है, जी0एफ0सी0 सर्वे हेतु उससे कई गुना अधिक मेहनत से कार्य किया जाना है, सर्वे के मापदण्ड अनुसार तैयारी के एक-एक बिन्दु पर कार्यवाही करें, इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाने पर सख्त अनुशासनिक कार्यवाही की जावेगी ।

(कार्यवाही - श्री सुरेश व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री, श्री जी0के0 जायसवाल, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

2- जीएफसी सर्वे तैयारी हेतु अधिकारी / कर्मचारी हर बिन्दु देखे कमियां पाई जाने पर नोडल अधिकारी, जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी पूर्ति करावे, सी0टी0 / पी0टी देखे, निरन्तर फालोअप लेते रहे, इन पर नियुक्त कर्मचारी कार्य पर उपस्थित रहे, अनुपस्थिति पर संबंधित वार्ड प्रभारी, जोन प्रभारी एवं नोडल अधिकारी की जबावदारी नियत की जावेगी साथ ही इनमें जिस शाखा से संबंधित कार्य में कमियां पाई जावेगी उस विभाग प्रमुख जोन, प्रभारी,

Scanned with CamScanner

नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी उत्तरदायित्व माना जावेगा तथा कठोर अनुशासनिक कार्यवाही की जावेगी ।

(कार्यवाही – श्री सुरेश व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री, श्री जी0के0 जायसवाल, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

3– निर्माण कार्यों में ट्रीटेट पानी का ही उपयोग किया जाना है, समस्त उपयंत्री, जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी उनके क्षेत्र में जहां निजी ट्यूबवेल धारक निर्माण कार्यो हेतु टैंकर से पानी विक्रय किया जा रहा है, उन्हे नियमानुसार जप्त करें ऐसे ट्यूबवेल वालो का नियमानुसार पंचनामा बनाया जाकर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्यवाही करें, जहां निर्माण कार्य चल रहे है, वहां चेक करें, दिनांक 8–4–22 की बैठक में तत्संबंधी कार्यवाही की जानकारी के साथ उपस्थित हो । निरीक्षण के दौरान ऐसा पाया जाने पर संबंधित उपयंत्री, जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी के विरूद्व सख्त अनुशासनिक कार्यवाही की जावेगी ।

(कार्यवाही समस्त उपयंत्री, जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी)

4– खुले में शोच, पैशाब करने वालो पर अधिकारी, कर्मचारी निगरानी रखे, ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें, सड़के साफ हो, कचरा नहीं हो, नाले, नालियां साफ रहे चाक नहीं हो, खुले में कचरा फैकने वालो पर स्पाट फाईन करें ।

(कार्यवाही –समस्त उपयंत्री, जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी)

5– दिनांक 6, 7 एवं 8–4–22 को 3 दिनों में पूरा शहर साफ कराने के निर्देश दिये गये हैं, नाले/नालियां सड़कों की अच्छी तरह सफाई हो, कहीं भी ड्राय,वेट,सालिड वेस्ट आदि नहीं दिखें, खुले प्लाट पर कचरा नहीं पाया जावे, इस संबंध में की गई कार्यवाही चारो जोन प्र0 स्वा0अधि0 को जानकारी प्रस्तुत करें, स्वा0अधि0 एक्जाई जानकारी प्रस्तुत करें ।

(कार्यवाही – श्री जी0के0 जायसवाल, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

6– समस्त नोडल अधिकारी अपने अपने वार्ड क्षेत्र में कितने–कितने घर है, जिनसे कचरा एकत्रित किया जा रहा है, तत्संबंधी जानकारी तैयार कर दिनांक 8–4–22 की बैठक में जानकारी सहित उपस्थित हो ।

(कार्यवाही – श्री सुरेश व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री, श्री जी0के0 जायसवाल, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी)

7– दिनांक 8–4–22 को सायं 5–00 बजे अलकापूरी कम्यूनिटी हाल में बैठक होगी इसमें समस्त वार्ड प्रभारी भी उपस्थित रहेगें, वार्ड प्रभारी को जोन प्रभारी सूचित करें । बैठक संबंधी बिन्दुओ का प्रेजेन्टेशन एच0एम0एस0 तैयार कर बैठक में उपस्थित हो।

(कार्यवाही – श्री जी0के0 जायसवाल, प्र0स्वास्थ्य अधिकारी, चारो जोन प्रभारी, नोडल अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी, एच0एम0एस0टीम )

स्वच्छ सर्वेक्षण कार्य समस्त अधिकारी/कर्मचारियों की सामुहिक जिम्मेदारी है, जो कमियां दिखे उसे पूरी करावें, नियमित रूप से की जा रही समीक्षा बैठक के अन्य बिन्दुओ पर समस्त संबंधित अधिकारी/कर्मचारी अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन करें, समीक्षा के दौरान दिये गये अन्य निर्देशों को ध्यान से सुने, नोट कर पालन करना सुनिश्चित करें ।

कार्यवाही विवरण नगर निगम की वेब साईट पर उपलब्ध है ।

(सोमनाथ झारिया)
आयुक्त
नगर पालिक निगम,रतलाम

पृ0क्र0/ 503 /सा0प्र0/2022 दिनांक 8–4–2022

प्रतिलिपि :–

1– कलेक्टर एवं प्रशासक महोदय, नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर सुचनार्थ ।

2– सर्व संबंधित श्री ——————————नगरपालिक निगम, रतलाम की ओर पालनार्थ प्रेषित ।

आयुक्त,
नगरपालिक निगम, रतलाम

Scanned with CamScanner